


भैरोसिंह शेखावत
उप-राष्ट्रपति
भारत

# संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि लक्ष्मी देवी ललित कला अकादमी द्वारा अपना पाँचवाँ वार्षिकोत्सव कानपुर में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर स्मारिका का प्रकाशन एक सराहनीय प्रयास है। अकादमी कला के क्षेत्र में जो कार्य कर रही है, वह प्रशंसनीय है। हमारे देश में ललित कलाओं की एक गौरवशाली विरासत है। इसके संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए आवश्यक है कि इसका अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार हो और अधिक से अधिक लोग सक्रिय रूप से इससे जुड़ें। मुझे आशा है कि इस आयोजन से ललित कला के प्रचार-प्रसार को बल मिलेगा।

मैं लक्ष्मी देवी ललित कला अकादमी के प्रयासों की सराहना करते हुए इस अवसर पर प्रकाशित स्मारिका के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ।

(भैरोसिंह शेखावत)